पार्वतीबाई गोखले विज्ञान महाविद्यालय ग्वालियर
व्यक्तित्व विकास शिविर
प्रथम दिवस

दिनांक 28/11/2023

पार्वती बाई गोखले विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित 5 दिवसीय व्यक्तिव विकास शिविर का आज शुभारंभ हुआ शिविर का शुभारंभ माँ सरस्वती की अराधना से हुआ जिसके उपरांत श्लोक वाचन, सुविचार शिविर में भाग ले रहे विद्यार्थियों द्वारा किया गया इसके बाद महाविद्यालय प्राचार्य डॉ विजय जी गुप्ता द्वारा शिविर की प्रस्तावना रखी उसके उपरांत शिविर के प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में श्री सत्य प्रकाश बत्रा जी का उद्बोधन स्वस्थ जीवन शैली विषय पर प्राप्त हुआ| उद्बोधन के पश्चात बौद्धिक खेल खिलाएं गए|

शिविर के द्वितीय सत्र में श्री प्रवीण जी दुबे द्वारा प्लास्टिक मुक्त भारत विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया साथ मे महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ सुनील जी पाठक एवं रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ स्वाति पेंडसे जी उपस्थित रही|
उद्बोधन के उपरांत आधुनिक जीवन शैली एवं स्वास्थ्य विषय पर विद्यार्थियों द्वारा समूह चर्चा की गई | शिविर में 50 विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता की गई|